दिन– गुरुवार दिनांक– 02 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति की विशेष बैठक की अध्यक्षता की। पश्चिम एशिया संघर्ष के दुष्प्रभाव से भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने का आह्वान किया।

02. राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए केन्द्र से विशेष कृषि पैकेज की मांग की।

03. नालंदा भगदड़ मामले के बाद प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा ऑडिट कराने का लिया निर्णय।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अप्रैल महीने में प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान और वर्षा सामान्य से अधिक होने की सम्भावना।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कार्यक्रमों की समीक्षा करने और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से संबंधित पहल पर विचार विमर्श करने के लिए मंत्रिमंडल सुरक्षा समिति–सीसीएस की विशेष बैठक की अध्यक्षता की। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच केन्द्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में उर्वरक बीज और कृषि रसायनों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी बैठक में कृषि विभाग की अपर सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि देश भर में खरीफ फसलों के एक सौ पचासी लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं।

———साउंड–बाईट———

जितने प्रमुख फसल है उनका पर्याप्त बीज उपलब्ध है धान जिसका सबसे ज्यादा अधिक मात्रा में उपयोग होता है 80 दशमलव 9 लाख क्विंटल, सोयाबीन 35 दशमलव 7 लाख क्विंटल, मूंगफली 21 दशमलव एक, मक्का 11 दशमलव 9 और बाकी तुअर, मूंग और उड़द इनकी पर्याप्त मात्रा में बीज की उपलब्धता है। यह बीच की उपलब्धता सभी राज्यों में पर्याप्त क्वांटिटी में अवेलेबल है।

अपर सचिव ने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन के लिए पहले से ही छियालीस प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध हैं और कृषि रसायनों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने

कहा कि टमाटर, प्याज और आलू सहित प्रमुख फसलों की कीमतें स्थिर हैं और थोक स्तर पर इनमें सुधार दिख रहा है।

———————————————————————————

नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चुबा आओ ने बताया कि विमानन उद्योग ने निर्धारित घरेलू मार्गों पर एयरलाइनों के लिए विमानन टरबाइन ईंधन की कीमतों में नियंत्रित पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि के सरकार के फैसले का स्वागत किया है।

———साउंड———

भारतीय विमानन उद्योग ने भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण और रणनीतिक निर्णय का स्वागत किया है, जिसके अंर्तगत घरेलू मार्गों पर चलने वाली नियमित उड़ानों के लिए विमानन टरबाइन ईंधन की कीमतों में 25 प्रतिशत की नियंत्रित वृद्धि की गई है। यह कदम वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अभूतपूर्व उछाल के बीच राहत प्रदान करता है।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में पांच कृषि—जलवायु क्षेत्र बनाये जायेंगे। श्री चौधरी ने बतया कि नई दिल्ली में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन में प्रत्येक क्षेत्र के लिए व्यापक चर्चा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी क्षेत्र के लिए पहला सम्मेलन सात अप्रैल को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने बिहार समेत विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। श्री चौहान ने बताया कि अब तक उन्नीस राज्यों में नो करोड़ पच्चीस लाख किसान पहचान पत्र बनाए जा चुके हैं। इधर, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने केन्द्र सरकार से बिहार में कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए विशेष कृषि पैकेज की मांग की है। श्री यादव ने इस संबंध में केन्द्रय कृषि मंत्री को एक अनुरोध पत्र सौंपा है। उन्होंने बताया कि राज्य में सैंतालीस लाख से अधिक किसानों की फॉर्मर आईडी बनायी जा चुकी है।

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह खान और भू—तत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश में पत्थर खनन के लिए तीस ब्लॉक की पहचान की गयी है। श्री सिन्हा ने पटना में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गया, नालंदा, कैमूर और बांका समेत कई जिलों में पत्थर खनन स्थानों की पहचान की है। केन्द्र सरकार की सहमति और पर्यावरण विभाग की स्वीकृति के बाद इन स्थानों से खनन कार्य शुरू होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि इस कदम से दूसरे राज्यों से पत्थरों के आयात पर बिहार की निर्भरता कम होगी। साथ ही प्रदेश के लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बालू घाटों का टेंडर सरेंडर करने वाली कम्पनियों को अब नये टेंडर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने नालंदा भगदड़ मामले के बाद प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा ऑडिट कराने का फैसला लिया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इस संबंध में सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये हैं। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में पुलिस महानिदेशक ने सभी अधिकारियों को अपने–अपने जिलों में अत्यधिक भीड़ वाले धार्मिक स्थलों को चिन्हित करने और वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। श्री कुमार ने कहा कि मघड़ा भगदड़ मामले में आरोपितों के खिलाफ एक सप्ताह में चार्जशीट दाखिल की जायेगी। इधर, वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने मामले में पांच पुजारियों को गिरफ्तार किया है। इन पुजारियों पर श्रद्धालुओं से पैसे लेकर दर्शन कराने का आरोप है। साथ ही मामले में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समेत बीस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। गौरतलब है कि जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा शीतला मंदिर में भगदड़ के दौरान आठ महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गयी थी।

———————————————————————

प्रदेश में श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी की गयी है। अकुशल श्रमिकों की न्यूनम मजदूरी में आठ रूपये, कुशल के लिए दस और अति कुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में बारह रुपये की बढ़ोतरी की गयी है। श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नई दरें एक अप्रैल से प्रभावी हो गयी हैं। संशोधनके बाद अब अकुशल श्रमिक की न्यूनतम दैनिक मजदूरी बढ़कर चार सौ छत्तीस रुपये हो गयी है। इसी प्रकार अर्द्धकुशल श्रमिकों की चार सौ बावन, कुशल की पांच सौ इक्यावन और अतिकुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी छह सौ बहत्तर रुपये हो गयी है।

———————————————————————

संसद का बजट सत्र आज समाप्त हो रहा है। इसकी शुरूआत अट्ठाईस जनवरी से हुई थी। बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी तक हुआ जबकि सत्र का दूसरा चरण आठ मार्च से शुरू हुआ जो आज समापन हो रहा है। पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के केंद्रीय बजट पर चर्चा हुई। दूसरे चरण में संसद ने वित्त विधेयक दो हजार छब्बीस और विनियोग –संख्या दो विधेयक दो हजार छब्बीस को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

इस दौरान संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर सरकार का पक्ष रखा था।

—————————————————————————

लोकसभा ने जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। विधेयक में छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और जुर्माने तथा दंड को अपराध के अनुपात में संशोधित करने के उपाय शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह विधेयक लोगों के प्रति नरेंद्र मोदी सरकार के भरोसे और विश्वास को दर्शाता है।

—————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अप्रैल महीने में प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान और वर्षा सामान्य से अधिक रहने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान अड़तीस से चालीस डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने की सम्भावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान के भी अधिक रहने से रात में उमस भरी गर्मी का अनुभव हो सकता है। इस दौरान तीन से पांच दिन तक लू चलने की भी आशंका है। विभाग ने पूर्वानुमान में कहा है कि छह अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के अधिकांश स्थानों पर एक बार फिर आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थितियां बन सकती हैं।

—————————————————————————

प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में छह अप्रैल से नई समय सारणी लागू होगी। इसके अनुसार सभी विद्यालयों की कक्षाएं सुबह साढ़े छह बजे से दोपहर बारह बजकर बीस मिनट तक संचालित की जायेगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है।

—————————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए आज देशभर में जेईई मेन की परीक्षा आज आयोजन कर रहा है। पटना सहित राज्य के ग्यारह शहरों में तैंतीस परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। आठ अप्रैल तक चलने वाली इस परीक्षा में प्रदेश से तिहत्तर हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

—————————————————————————

देशभर में आज हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना के महावीर मंदिर सहित प्रदेशभर के सभी हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिरों को आकर्षक ढंग से

सजाया गया है। इस अवसर पर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है।

———————————————————————

राजगीर में खेली जा रही सोलहवीं राष्ट्रीय सब जूनियर पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान बिहार और छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा। दोनों टीमों ने दो–दो गोल किये। वहीं, दिन के अन्य मुकाबलों में आन्ध्र प्रदेश, मिजोरम, गोवा और दिल्ली की टीमों ने जीत दर्ज की है।

लखीसराय में आयोजित बिहार राज्य महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में बेगूसराय और कटिहार की टीमों ने जीत दर्ज की है। कल खेले गये मुकाबलों में बेगूसराय ने नवादा को पांच–शून्य से जबकि कटिहार की टीम ने नालंदा को दो–शून्य से पराजित किया।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच कोलकाता के इडेन गार्डन्स में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल लखनऊ में खेले गये मैच में डेल्ही कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया है।

———————————————————————

सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होने  कटिहार.अमृतसर स्पेशल ट्रेन को नियमित करने तथा सहरसा.लोकमान्य तिलक और सुपौल.नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन का ललितग्राम तक विस्तार करने की भी मांग की।

———————————————————————

ईरान और अमेरिका इजरायल युद्ध के दौरान  जान गंवाने वाले चीफ इंजीनियर देवनंदन प्रसाद सिंह का अंतिम संस्कार भागलपुर के बरारी घाट पर किया गया। वे  जिले के सनहौला प्रखंड अंतर्गत रानी बमिया गांव के रहने वाले थे। युद्ध क्षेत्र में एक अमेरिकी  तेल  टैकर पर तैनाती के दौरान ड्रौन हमले में उनकी मौत हो गई थी।

———————————————————————

कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज चौक पर देर रात अगलगी की घटना में कई दुकानें जलकर नष्ट हो गईं।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के गौनाहा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत वीटीआर में एक मगरमच्छ के हमले में बाघ के शावक की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारी मामले की जांच कर रहा हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार में जलवायु परिवर्तन, चौदह जिलों में भूजल स्तर ढ़ाई फीट तक नीचे गया। एक अन्य खबर पर अखबार लिखता है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जेड–प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली।

दैनिक भास्कर ने मौसम से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुये शीर्षक दिया है– मौसम का यू–टर्न, आंधी से तबाही, पांच अप्रैल से तूफान का अलर्ट। दैनिक जागरण ने ईरान और इस्रायल के बीच जारी गतिरोध से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिना डील ईरान युद्ध से निकल सकता है अमेरिका। प्रभात खबर लिखता है– निबंधन राजस्व संग्रह में पटना अव्वल। दानापुर रजिस्ट्ररी ऑफिस रहा टॉप में, दूसरे पर रजौली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति की विशेष बैठक की अध्यक्षता की। पश्चिम एशिया संघर्ष के दुष्प्रभाव से भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए हर सम्भव प्रयास करने का आह्वान किया।

02. राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय में बढ़ोतरी के लिए केन्द्र से विशेष कृषि पैकेज की मांग की।

03. नालंदा भगदड़ मामले के बाद प्रदेश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा ऑडिट कराने का लिया निर्णय।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अप्रैल महीने में प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान और वर्षा सामान्य से अधिक होने की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।